an>

Need to take suitable action for resettlement of Jhuggi-Jhopri clusters presently occupying the land owned by Mumbai Airport Authority.

श्री विनायक भाऊराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग) ः मुम्बई एयरपोर्ट ऑथोरिटी की करीबन 175 एकड़ जगह पर कम से कम 80 हज़ार से भी ज्यादा झुग्गी पट्टियां बसी हुई हैं। पिछले 50 वर्षों से भी ज्यादा वर्षों से बसी हुई इन झोपड़ पट्टियों में अनेक प्राथमिक सुविधा की समस्याएंÂ¬ हैं- जैसे शौचालय, पीने का पानी, रास्ते एवं अन्य सुविधा न होने की वजह से बस्ती में रहने वाले लोगों को बहुत परेशानी सहनी पड़ती है। इन झोपड़ पट्टियों का पुनर्वास करने की योजना केंद्र सरकार ने अपनाई थी, लेकिन वह सफल नहीं हो सकी।

अतः केंद्र सरकार ने राज्य सरकार की पुनर्वास योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार की जगह पर बसी हुई झोपड़ पट्टियों का पुनर्वास का निर्णय लिया है। मेरी आपसे प्रार्थना है कि मुम्बई एयरपोर्ट ऑथोरिटी की जमीन पर बसी हुई झोपड़ पट्टियों का पुनर्वास राज्य सरकार के माध्यम से जल्दी से जल्दी करने की योजना बनाएं।

माननीय अध्यक्ष : अगर सभा की सहमति हो तो राम विलास पासवान जी का एक बिल जो राज्य सभा से आया है, ब्यूरो ऑफ इन्डियन स्टैंडर्ड, इसमें कुछ अमेंडमेंट्स नम्बर की हैं, उसे करवा लेते हैं।

श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) : हाँ, ठीक है।

माननीय अध्यक्ष : राम विलास पासवान जी।

12.48 hours